आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 42 लखनऊ, रविवार 14 फरवरी से 20 फरवरी, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## विरोध का अधिकार कभी भी और हर जगह नहीं हो सकताः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष अक्टूबर में अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में नागरिकता संशोधन कानून (सिटिजेनशिप अमेंडमेंट एक्ट सीएए) के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के शाहीन बाग में विरोध–प्रदर्शन को अवैध बताया था। इसके बाद कुछ कार्यकर्ताओं ने कोर्ट से इस फैसले की समीक्षा करने की गुहार लगाई थी। लेकिन, आज उनकी उम्मीदों को उस समय झटका लगा जब कोर्ट ने यह कहते हुए उनकी समीक्षा–अयाचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया कि विरोध करने का अधिकार कभी भी और हर जगह नहीं हो सकता है। जस्टिस एसके कौल, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस कृष्ण मुरारी की तीन जजों वाली पीठ ने अपने पूर्व के फैसले पर कायम रहते हुए समीक्षा–याचिका खारिज कर दी। कनीज फातिमा और ११ अन्य लोगों द्वारा दायर समीक्षा–याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विरोध करने का अधिकार कभी भी और हर जगह नहीं हो सकता है। कुछ सहज विरोध हो सकते हैं, लेकिन लंबे समय तक असंतोष या विरोध के मामले में सार्वजनिक स्थान पर लगातार कब्जा करके किसी अन्य व्यक्ति के अधिकारों को प्रभावित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने ने खुली अदालत में समीक्षा याचिका की मौखिक सुनवाई के उनके



अनुरोध को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हमने पहले के न्यायिक घोषणाओं पर विचार किया है और अपनी राय भी दर्ज की है कि संविधान हमें विरोध–प्रदर्शन और असंतोष व्यक्त करने का अधिकार तो प्रदत्त करता है, लेकिन साथ ही यह कुछ कर्तव्यों के प्रति दायित्वों का भी बोध कराता है। गौरतलब है कि अक्टूबर के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया था कि विरोध–प्रदर्शन किसी निर्दिष्ट स्थान पर ही किया जा सकता है अगर अगर ऐसा नहीं होता है तो पुलिस के पास निर्दिष्ट स्थानों से इतर विरोध–प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को हटाने का अधिकार है। एक महत्वपूर्ण अवलोकन करते हुए कोर्ट ने तब कहा था कि शाहीनबाग विरोध अब शायद महिलाओं की एकमात्र और सशक्त आवाज नहीं रह गया है, जो अब स्वयं विरोध समाप्त करने की क्षमता भी नहीं रखती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि यह कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता कि जब भी मन करे तो विरोध के लिए अनिश्चित संख्या में लोग इकट्ठा हो जाएं। इस बाबत कोर्ट ने उपनिवेशवादियों के खिलाफ असंतोष व्यक्त करने के तरीके और लोकतांत्रिक तरीके से असंतोष की अभिव्यक्ति के बीच अंतर का भी हवाला दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि भारत में लोकतंत्र की बुनियाद तो उसी समय पड़ गई थी जब स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विरोध का बीज गहरा बोया गया था। अंततः विरोध रूपी यह फूल लोकतंत्र में परिवर्तित हो गया।

## मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर श्रोताओं को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस पर सभी रेडियो श्रोताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि



रेडियो सामाजिक जुड़ाव को गहरा करने का एक शानदार माध्यम है। मोदी ने ट्वीट किया, विश्व रेडियो दिवस पर शुभकामनाएं। रेडियो के सभी श्रोताओं को शुभकामनाएं। रेडियो को नवीन विषय वस्तु एवं संगीत मुहैया कराने वाले प्रशंसा के पात्र हैं। यह सामाजिक जुड़ाव को गहरा करने का एक शानदार माध्यम है। मैंने 'मन की बात' के कारण रेडियो का सकारात्मक प्रभाव स्वयं महसूस किया है। विश्व रेडियो दिवस हर साल १३ फरवरी को मनाया जाता है। यह वर्ष २०११ में यूनेस्को के सदस्य राज्यों द्वारा घोषित किया गया था और वर्ष २०१२ में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में इसे अपनाया गया था।

## भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। एक साजिश के तहत लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रासंगिकता समाप्त कर रही है। प्रथम महिला राज्यपाल एवं कवियत्री सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये अखिलेश ने कहा कि कहा कि महिलाओं के अधिकारों के लिए उनकी पार्टी हमेशा संघर्षशील रही है। महिला सुरक्षा एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। स्वतंत्रता आंदोलन से लोकतंत्र को ताकत मिली लेकिन भाजपा सरकार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भाजपा साजिश के तहत लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रासंगिकता समाप्त कर रही है। देश आज संक्रमण के दौर में है। संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला किया जा रहा है। उन्होने कहा कि देश में कृषि की दुर्दशा है। अखिलेश ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में केन्द्र सरकार की पांच ट्रिलियन डालर इकोनॉमी का उल्लेख क्यों नहीं है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की घोषणा की थी उसका क्या हुआ। उन्होने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे एकजुटता के साथ इस बार २०२२ के विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में ६० प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लें। इसके लिए अभी से बूथ स्तर तक पूरी तैयारी करें। भाजपा की साजिशों के प्रति सावधान रहें और जनता के बीच जाकर समाजवादी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करें।

## यूपी सरकार का लॉकडाउन उल्लंघन मामलों में आम लोगों के खिलाफ दर्ज शिकायतों को वापस लेने का फैसला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लॉकडाउन के दौरान कोविड–१६ प्रोटोकॉल तोड़ने के लिए आम लोगों के खिलाफ दर्ज शिकायतों को वापस लेने का फैसला किया है। शनिवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना वायरस महामारी फैलने के बाद विभिन्न चरणों में लॉकडाउन के दौरान प्रोटोकॉल तोड़ने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में २.५ लाख से अधिक लोगों के खिलाफ शिकायतें दर्ज की गईं थीं। प्रवक्ता ने कहा कि कोविड –१६ प्रोटोकॉल तोड़ने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा १८८ के तहत शिकायतें दर्ज की गईं थीं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि यदि शिकायतें गंभीर नहीं हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि इस



फैसले से न केवल अदालतों पर बोझ कम होगा बल्कि पुलिस और कचहरी का चक्कर लगा रहे लाखों लोगों और व्यापारियों को इससे छुटकारा मिलेगा। पिछले महीने इसी तरह के एक फैसले में सरकार ने कोविड–१६ प्रोटोकॉल तोड़ने के लिए व्यापारियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों को वापस लेने के निर्देश जारी किए थे। प्रवक्ष्ता के अनुसार कोविड –१६ प्रोटोकल को तोड़ने के लिए दर्ज की गई शिकायतों को वापस लेने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में कोविड–१६ नियंत्रण में सफल संचालन की वजह से स्थिति सामान्य हो रही है और कोरोना वायरस से ठीक होने वाले मरीजों की दर ६८ प्रतिशत पहुंच गई है, जो कई राज्यों की तुलना में अधिक है।

## यूपी में पहली बार 24 घंटे में कोरोना के 100 से कम मामले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले २४ घंटे के दौरान पहली बार कोरोना संक्रमण के १०० से कम नये मामले सामने आये है। प्रदेश में कोरोना से रिकवरी का प्रतिशत ६८ से अधिक हो चुका है। सूबे के अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल एक लाख ३७ हजार सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल दो करोड़ ६४ लाख सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में पिछले २४ घंटे में कोरोना से संक्रमित ६३ नये मामले आये हैं, जो प्रदेश में पहली बार १०० से कम आये हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में ७३५ लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में कोविड–१६ से रिकवरी का प्रतिशत अब ६८ से अधिक हो गया है। प्रदेश में अब तक पांच लाख ६० हजार २६२ लोग कोविड–१६ से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। सहगल ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के बाद फ्रंट लाइन कर्मियों को कोविड वैक्सीनेशन लगाने का कार्य किया जा रहा है। १५ एवं १६ फरवरी को वैक्सीन के लिए चिन्हित लोगों को एक दिन पूर्व ही सूचित करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये हैं, जिससे कि सम्बंधित कर्मी समय से पहुंचकर वैक्सीन की डोज लगवा सके।

# सम्पादकीय


## सरकार की राजद्रोह की परिभाषा बदली

आज जितनी तेजी से देश में राजद्रोह के मामले दर्ज हो रहे हैं उसका जवाब ही नहीं है। आखिर ऐसा क्या हुआ है कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद इतनी बड़ी संख्या में लोग "राजद्रोही" क्यों होने लगे हैं? या मामला यह है कि सरकार की राजद्रोह की परिभाषा बदल गई है? क्या आज सरकार की हर आलोचना और विरोध को राजद्रोह समझा जाने लगा है? असल बहस का मुद्दा यही है। बहरहाल, खबर यह है कि देश के विभिन्न भागों में २०१६ के दौरान राजद्रोह के ६३ मामले दर्ज किए गए, जिनमें ६६ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि २०१६ में ७६ लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किए गए जबकि २६ लोगों को अदालतों द्वारा बरी कर दिया गया। सबसे अधिक २२ ऐसे मामले कर्नाटक में दर्ज किए गए, जहां १८ लोगों की गिरफ्तारी की गई। असम में राजद्रोह के १७ मामले दर्ज किए गए, जहां २३ लोगों को गिरफ्तार किया गया। जम्मू कश्मीर में राजद्रोह के ११ मामले दर्ज किए गए, जहां १६ लोगों को गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश में ऐसे १० मामले दर्ज किए गए, जहां नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक सवाल यह भी पूछा गया था क्या राजद्रोह कानून (आईपीसी की धारा १२४–ए) को मजबूत बनाने के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कानूनों में संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। यानी अभी इसकी और गुंजाइश बची हुई है। इससे पहले राष्ट्रीय अपराध रिकर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने बताया था कि २०१६ के दौरान देश भर में दर्ज राजद्रोह और यूएपीए के मामलों में बढ़ोतरी हुईहै, लेकिन इसमें सिर्फ तीन फीसदी राजद्रोह मामलों में आरोपों को साबित किया जा सका। जाहिर है, बाकी मामलों में पुख्ता सबूत नहीं थे। बिना पुख्ता साक्ष्य के थोक भाव से राजद्रोह के मामले दायर करना समस्याग्रस्त है। लेकिन वर्तमान सरकार इसकी फिक्र नहीं करती। इसी का परिणाम है कि २०१६ में राजद्रोह के ६३ मामले दर्ज किए गए जबकि २०१८ में ७० और साल २०१७ में ५१ मामले दर्ज हुए थे। यानी हर साल आंकड़ा बढ़ रहा है। सरकार अगर राजद्रोह को लेकर गंभीर है, तो उसे खुद से पूछना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है?

# लोकसभा में डंके की चोट अंबानी–अडानी

**हरिशंकर व्यास**

धन्य हैं नरेंद्र मोदी! आखिर कुछ भी हो, जो बात भारत की संसद में किसी प्रधानमंत्री ने नहीं कहीं उसे नरेंद्र मोदी ने डंके की चोट कहा। तभी यह कहना भी सही है कि मोदी से पहले भला प्रधानमंत्री कहां था? मतलब भारत राष्ट्र–राज्य का पहला, सच्चा, मर्द प्रधानमंत्री यदि कोई है तो वह नरेंद्र मोदी है। भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार खरबपतियों की, प्राइवेट सेक्टर की संसद में वाहवाही हुई। जनसंघ–भाजपा–संघ की एकात्म मानवतावादी विचारधारा के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की ५३वीं पुण्यतिथि के दिन नरेंद्र मोदी ने सबको संदेश दिया कि देश का भविष्य अंबानी–अडानियों से है। देश के लिए वेल्थ क्रिएटर्स (खरबपति) जरूरी हैं। निजी क्षेत्र के खिलाफ अनुचित शब्दों का इस्तेमाल, उनके टेलीकॉम टॉवर या प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना गलत है। इससे अतीत में भले कुछ लोगों को वोट मिल सकते थे, लेकिन अब वह समय नहीं। अब समय है निजीकरण का, प्राइवेट सेक्टर की बड़ी भूमिका का। कोई भी सेक्टर ले लीजिए– चाहे टेलीकॉम, फार्मा या कोई अन्य– हर जगह हमने प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी देखी है और इनमें यदि भारत मानवता की सेवा करने में सक्षम हो पाया है, तो उसमें प्राइवेट सेक्टर की बड़ी भूमिका है! मतलब नाम वेल्थ क्रिएटर्स का और न केवल दो टूक बचाव अंबानी–अडानी का, बल्कि यह भी ऐलान की इन्हीं से भारत का भविष्य है। ये अंबानी–अडानी जब खरबपति से शंखपति बनेंगे तभी भारत की आर्थिकी में ट्रिलियन डॉलरों में विकास का आंकड़ा बढ़ता जाएगा। इसी थीसिस में फिर नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में दो टूक शब्दों में सरकारी कारखानों–सार्वजनिक प्रतिष्ठानों और उन्हें चलाने वाले बाबुओं (आईएएस– नौकरशाही जमात) पर निशाना साधते हुए कहा कि– सबकुछ बाबू ही करेंगे। आईएएस बन गया मतलब वह फर्टिलाइजर का कारखाना भी चलाएगा, केमिकल का कारखाना भी चलाएगा, आईएएस हो गया



तो वह हवाई जहाज भी चलाएगा। यह कौन सी बघ्ड़ी ताकत बना कर रख दी है हमने? बाबुओं के हाथ में देश दे करके हम क्या करने वाले हैं? हमारे बाबू भी तो देश के हैं तो देश का नौजवान भी तो देश का है। यह है छप्पन इंची छाती वाले प्रधानमंत्री की डंके की चोट पर बात। मगर क्या यह उनका संकल्प भी है? यदि देश और देश के बाबू, देश के नौजवानों की संपदा, तनख्वाह, रोजगार सब वेल्थ क्रिएटर्स से ही आना है, खरबपतियों के शंखपति बनने से ही समाज के गरीब लोगों को सस्ता फोन, अनाज, सुविधाएं मिलेगी तो जाहिर है कि अंबानी–अडानी जैसे खरबपतिवेल्थ क्रिएटर्स को देश की खेती, मार्केटिंग, प्रोसेसिंग, बिक्री सबका मां–बाप बनाने का उद्देश्य क्यों नहीं सार्वजनिक घोषित होना चाहिए? प्रधानमंत्री को लगे हाथ लोकसभा में ही कह देना था कि किसान नासमझ, झूठ–भ्रम में हैं। मेरी गारंटी है कि अंबानी–अडानी से दस सालों में किसानों की आमद तीन गुना बढ़ जाएगी। सरकार और सरकार के बाबुओं के बस में किसानी की आमद का दो गुना बढ़ना संभव नहीं है। उलटे ठगाई होती है। बाबू सरकार को भी चूसते हैं और किसान को भी! जो हो मैं कायल हो गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में अंबानी–अडानी याकि खरबपति वेल्थ क्रिएटरों से देश के १३८ करोड़ लोगों के कल्याण होने की दो टूक घोषणा से। संभव है यह आरएसएस और भाजपा के स्वदेशी, गांधीवादी–समाजवाद की जगह पूंजीवाद का नया वैचारिक अवतार है। आजाद भारत के ७३ साला इतिहास में किसी प्रधानमंत्री, सरकार ने संसद में यह नहीं कहा कि जनता की कल्याणकारी व्यवस्था निजी क्षेत्र के वेल्थ क्रिएटरों से ही संभव है। उस नाते संघ–भाजपा को अब संविधान संशोधन कर 'सेकुलर' के अलावा 'समाजवादी' शब्द भी मिटाना होगा। जाहिर है अब 'हिंदू पूंजीवादी राष्ट्र' का विचार दर्शन संघ–भाजपा का उद्‌घोष, संकल्प है। हां, संघ–भाजपा को प्रधानमंत्री के कथन पर लीपापोती की जरूरत नहीं है। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी कांग्रेस के पंडित नेहरू के समाजवादी राज मेंवेल्थ क्रिएटरों को निकम्मा, शोषक माने जाने की सोच के समर्थक नहीं थे। अटलबिहारी वाजपेयी का गांधीवादी–समाजवाद का जुमला फरेब था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस विरासत से भाजपा–संघ को मुक्त करा दिया है। तभी उन्होंने संसद में अंबानी के जियो मोबाइल टावरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं पर भी लोकसभा में किसानों को आड़े हाथों लिया। तो इतना जब साहस दिखाया है तो पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु में अगला चुनाव इस नारे पर क्यों न हो कि उनका वादा वेल्थ क्रिएटर अंबानी–अडानीसे पांच साल में इतने कारखाने, इतने रोजगार और फलां–फलां संपदा निर्माण का है!



## १३ फरवरी को होगी अभ्युदय कोचिंग में दाखिले के लिए परीक्षा

लखनऊ। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू अभ्युदय कोचिंग युवाओं में बेहद हिट रही। अब तक इसमें पढ़ने के लिए करीब ३ लाख प्रतियोगी छात्र–छात्राएं पंजीकरण करा चुके हैं। शुक्रवार आधी रात से ऑफलाइन क्लासेज के लिए पंजीकरण बंद हो जाएगा। अनलाइन क्लासेज के लिए पंजीकरण जारी रहेगा। जिन प्रतियोगी छात्रों ने ऑफलाइन क्लास के लिए पंजीकरण कराया है, उनकी १३ फरवरी को उनकी ऑनलाइन परीक्षाएं होगी। इस क्रम में एनडीए एवं सीडीएस की परीक्षा दिन १२ से १ बजे तक, यूपीएससी/यूपीपीएससी की परीक्षा दोपहर १.३० से २.३० बजे तक, जेईई की दोपहर ३ से ४ और एनईईटी के लिए ४.३० से ५.३० तक परीक्षा होगी। सरकार पहले ही १६ फरवरी ( बसंत पंचमी) से अभ्युदय कोचिंग के क्लासेज चलाने की घोषणा कर चुकी है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' के क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति के सदस्य मंडलायुक्त लखनऊ रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के विशेष प्रयास वाली इस योजना को लेकर युवाओं में उत्साह स्वाभाविक था। लेकिन पोर्टल शुरू होने के बाद से अब तक जिस तेजी के साथ पंजीकरण हुए हैं, वह योजना की सफलता का सबूत है। उन्होंने बताया कि बुधवार को देर रात करीब ११ बजे अभ्युदय का पोर्टल **http://abhyuday-up-gov-in/** लाइव हुआ। शुक्रवार शाम करीब साढ़े ६ बजे तक १६ लाख से अधिक बार वेबसाइट विजिट की गई। कुल अलग–अलग परीक्षाओं के लिए कुल करीब ३ लाख अभ्यर्थियों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है।

# तहसीलदार हो या थानाध्यक्ष, अगर जनता इनके कार्यों से संतुष्ट नहीं है तो होगी कार्रवाई :योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश के किसी भी नागरिक को कोई समस्या हो तो बेझिझक मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ पर सम्पर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के आधार पर फील्ड में तैनात अधिकारियों के प्रदर्शन का आकलन होगा। यही नहीं सीएम ने दो टूक शब्दों में कहा है कि तहसीलदार हो या थानाध्यक्ष, अगर जनता इनके कार्यों से संतुष्ट नहीं है तो इनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होगी। बुधवार को लोकभवन में उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन १०७६ के अधिकाधिक प्रयोग के लिए जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना एवं तहसील स्तर पर जिस भी व्यक्ति की समस्या का निस्तारण नहीं हो सका है, तो वह व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन १०७६ पर कभी भी संपर्क कर सकता है। हेल्पलाइन पर मिली ऐसी शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराया जाएगा। इसके साथ ही थाना तथा तहसील स्तर पर जनता की शिकायत का निस्तारण किये जाने को लेकर जिले के जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान और थानेदार को जवाबदेह बनाया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन पर फर्जी शिकायत दर्ज करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी। इसके अलावा अब थाना तथा तहसील स्तर पर निस्तारित हुई जनता की समस्याओं की रेटिंग भी की जायेगी, ताकि यह पता चल सके कि किस जिले में जनता की समस्याओं के निस्तारण में तेजी दिखाई जा रही है। मुख्यमंत्री आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने थाना एवं तहसील स्तर पर जनता की समस्याओं के निस्तारण संबंधी तंत्र पर चर्चा करते हुए यह फैसला लिया। मुख्यमंत्री को यह पता चला था कि थाना तथा तहसील स्तर पर जनता से मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण ठीक से नहीं हो रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री ने जनता से मिलने वाली हर शिकायत के निस्तारण की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिया। जिसके तहत ही सीएम हेल्पलाइन पर थाना एवं तहसील स्तर पर निस्तारित ना हो पाने वाले प्रकरणों को जनता से प्राप्त करने का फैसला किया गया। सरकार का मत है कि सीएम हेल्पलाइन के जरिये जनता की समस्याओं के निस्तारण में तेजी आयेगी। सीएम हेल्पलाइन ने कोरोना संकट के दौरान जनता की मदद करने में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। देश के सबसे बड़े इस सरकारी हेल्पलाइन में कुल २५० आपरेटर चौबीसों घंटे लोगों की समस्याओं के निबटारे और उनकी निगरानी के लिए दिनरात काम कर रहे हैं। लकडाउन के शुरुआत में सीएम हेल्पलाइन के जरिए सभी जिलों के गांवों और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले उन लोगों की सूची तैयार की गई थी जो सर्दी– खासी से पीड़ित थे। इसी हेल्पलाइन के जरिए तब सभी प्रधानों और सभासदों को फोन करके प्रवासी लोगों के भरण–पोषण और उनके स्वास्थ्य की निगरानी करने को गया था। इसके अलावा तब सभी प्रधानों और पार्षदों को फोन करके राशन और भोजन वितरण, क्वारंटाइन, प्रवासी मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं जैसे बिंदुओं पर फीडबैक लिया गया था और किसी भी सरकारी सिस्टम के बगैर दूसरे राज्यों से में पहुंचे हैं लोगों के इलाज आदि का भी पता लगाया गया था।

# ट्रॉली बैग के हैंडल में छुपाकर लाए थे ५० लाख का सोना

लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अडानी अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गुरुवार को कस्टम टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई। दुबई के शारजाह से लखनऊ पहुंचे विमान से उतरे तीन यात्रियों के पास से




कस्टम ने १०३८ ग्राम सोना बरामद किया। विमान संख्या **IX 1194** और **6E 1412** से तीनों यात्री लखनऊ पहुंचे थे। कस्टम टीम ने बताया कि यात्री ट्रली बैग के हैंडल में छुपाकर सोने को लेकर लखनऊ तक आये थे जहां चेकिंग के दौरान इन्हे पकड़ा गया। कस्टम के मुताबिक जब्त किए सोने की कुल कीमत लगभग ५० लाख ५२ हजार है। संदेह होने पर कस्टम के अधिकारियों ने यात्रियों से पूछताछ की। अधिकारियों ने बरामद सोने को सीमा शुल्क के प्रावधानों के तहत जब्त किया।

# यूपी में विकास की बत्ती गुल, कानून–व्यवस्था में भ्रष्टाचार फुल : अखिलेश यादव


लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के एक विधायक के बयान और समाचार पत्रों में छपी खबरों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि भाजपा के राज में विकास की बत्ती गुल है और कानून–व्यवस्था में भ्रष्टाचार फुल है। शुक्रवार को बलिया जिले के एक भाजपा विधायक के कथित बयानों पर छपी खबर के साथ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट किया, "इधर बिना बिजली लगे ही मीटर आ गये, उधर भाजपा विधायक ही कह रहे हैं कि पुलिस वाले ही अवैध शराब



की भट्टी चलवा रहे।" यादव ने आगे लिखा, " मतलब भाजपा के राज में विकास की बत्ती गुल है और कानून–व्यवस्था में भ्रष्टाचार फुल है।" बलिया जिले के भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि पुलिस संरक्षण में बलिया जिले के रेवती क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है और इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अखिलेश ने एक अन्य्य खबर को भी टैग किया है जिसमें महिलाओं को बिना विद्युतीकरण के ही बिजली के मीटर थमा दिये जाने की खबर छपी है।

# यूपी बोर्ड में २४ अप्रैल से होंगी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं इस बार २४ अप्रैल से शुरू होंगी। हाई स्कूल की परीक्षाएं २४ अप्रैल से १० मई तक चलेंगी तो वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं २४ अप्रैल से १२ मई तक आयोजित होंगी। हाई स्कूल




और इंटर की परीक्षा में इस बार ५६,०३,८१३ छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। हाई स्कूल में २६ लाख ६४ हजार ३१२ और इंटरमीडिएट में २६ लाख ६ हजार ५०१ परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में कोरोना संक्रमण संबंधी दिशानिर्देश लागू रहेंगे। छात्रों को एग्जाम सेंटर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा और मास्क, सेनिटाइजर एग्जाम के दौरान अनिवार्य होंगे। एग्जाम की पूरी डेटशीट भी जारी कर दी गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने परीक्षा की समय सारिणी घोषित करते हुए कहा कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र– छात्राओं को संदेश दिया कि परीक्षा तिथियों की घोषणा समय से कर दी गई है। छात्र–छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के लिए काफी समय मिला है। परीक्षा को एक पर्व मानते हुए प्रसन्नचित होकर पूर्ण मनोयोग एवं उत्साह के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों।

# पंचायत चुनाव को लेकर शासन ने जारी की आरक्षण नीति

लखनऊ। पंचायती राज विभाग ने त्रिस्तरीय सामान्य निर्वाचन २०२१ के नवनिर्गत आरक्षण नीति जारी कर दी है। इसी के साथ प्रदेश के ८२६ ब्लाक, ५८१६४ ग्राम पंचायतों का गठन किया जा चुका है। आरक्षण नीति में १६६५ से २०१५ में हुए आरक्षण को संज्ञान में रखा गया है। अपर मुख्य्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पंचायत चुनाव में रोटेशन आरक्षण लागू किया गया है। एससी, ओबीसी, महिला क्रम में पिछले चुनावों को देखते हुए आरक्षण लागू किया जाएगा, जो पद पहले कभी आरक्षित नहीं हुए, उनको वरीयता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में २ जिला पंचायत ऐसी थीं जो आज तक शेड्यूल कास्ट और ओबीसी के लिए नहीं आरक्षित हुईं हैं। वहीं, ७ ऐसी जिला पंचायतें हैं, जो महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि चुनाव में शिक्षा आड़े नहीं आएगी। पूर्व की तरह ही पंचायती चुनाव कराएं जाएंगे। ८२६ ब्लॉकों में जिलेवार किस श्रेणी में आरक्षण होगा, यह राज्य स्तर पर जारी किया जाएगा। साथ ही जिला पंचायतों की आरक्षण प्रक्रिया भी राज्य स्तर पर जारी होगी। उन्होंने कहा २ से ३ मार्च के बीच प्रधानों, ग्राम पंचायत, क्षेत्र व जिला पंचायत के आरक्षित प्रदेशिक आरक्षण निर्वाचन क्षेत्र के आवंटन की प्रस्ताविवत सूची का जिलाधिकारी द्वारा प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद ४ मार्च से लेकर ८ मार्च तक, ४ दिन में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। जिसे भी आपत्ति करनी है लिखित आपत्ति दर्ज करानी पड़ेगी। फिर १० से १२ मार्च के बीच आई हुई आपत्तियों का निस्तारण करते हुए अंतिम सूची तैयार की जाएगी। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड मेंबर, क्षेत्र पंचायत के सदस्य, ग्राम प्रधान एवं उनके सदस्य सभी के सीटों का निर्धारण किया जा चुका है। पंचायत चुनाव में २०१५ में जो आरक्षण की स्थिति थी, वह इस चुनाव में नहीं होगी। जो पद शेड्यूल कास्ट या फिर शेड्यूल कास्ट महिला के लिए हैं, वे इस बार अनारक्षित व ओबीसी के हो सकते हैं। उन्होंने कहा कोई भी ऐसा पद जो आज तक शेड्यूल कास्ट के लिए आरक्षित नहीं हुआ, वह शेड्यूल कास्ट के लिए आरक्षित हो सकता है। ऐसे ही जिला पंचायत का कोई अध्यक्ष पद नहीं आरक्षित रहा है, तो वह आरक्षित हो सकता है। कोई ऐसा पद जो ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं हुआ है वह ओबीसी के लिए आरक्षित होगा, इसी तरह कोई पद महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं हुआ तो इस बार हो सकता है।

# बजट के जवाब में सोनिया, राहुल पर हमला


नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में बजट भाषण पर हुई चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने बजट के प्रावधान और सांसदों की आपत्तियों का जवाब देने की बजाय सोनिया व राहुल गांधी, रबर्ट वाड्रा और कांग्रेस पार्टी पर हमला किया। उन्होंने राहुल गांधी को देश का सर्वनाश करने वाला यानी 'डूम्सडे मैन अफ इंडिया' कहा। दामाद



शब्द का इस्तेमाल कर परोक्ष रूप से सोनिया व राहुल पर तंज किया और कांग्रेस की पिछली सरकारों को क्रोनी पूंजीवाद को बढ़ावा देने वाला बताया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल कई मुद्दों पर फर्जी कहानियां सुनाते हैं और वो 'डूम्सडे मैन अफ इंडिया' हैं। निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी के हम दो और हमारे दो वाले बयान पर जवाब देते हुए कहा– हम दो और हमारे दो का मतलब है, दो लोग पार्टी को संभालेंगे और दो अन्य लोग हैं, जिन्हें संभालना है यानी बेटी और दामाद। हम ऐसा नहीं करते हैं। हमने ५० लाख स्ट्रीट ट्रेडर्स को एक साल तक १० हजार दिए। ये स्ट्रीट वेंडर्स किसी के घनिष्ठ मित्र नहीं हैं। वित्त मंत्री ने आगे कहा– जो लोग हम पर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि हम करीबियों के लिए काम करते हैं, उन्हें बता दूं कि स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना किसी करीबी के लिए नहीं है। उधार, दामादों को उन राज्यों में जमीनें बांटी गईं, जिनमें कभी कुछ पार्टियों का शासन था। जैसे राजस्थान हरियाणा में। हमारे करीबी कौन है? हमारी करीबी इस देश की आम जनता है। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए सीतारमण ने कहा– महामारी में भी सरकार ने प्रोत्साहन और सुधार जैसे काम किए हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात भी सरकार को इस देश में विकास को बनाए रखने के लिए आवश्यक सुधारों पर फैसले लेने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने कहा– शशि थरूर यहां पर मौजूद हैं। केरल में जब उनकी पार्टी की सरकार थी तो इन लोगों ने एक करीबी को यहां बुलाया था। कोई टेंडर नहीं निकाला और एक पोर्ट डेवलपमेंट का काम दे दिया। और, ये लोग हमें क्रोनी कैपिटलिस्ट कहते हैं? उन्होंने बजट पर चर्चा करते हुए कहा– इस बजट में महामारी के बीच भी मौके की तलाश की गई है। दुनिया के कई देशों में कोरोना फिर से अपना प्रकोप दिखा रहा है। भारत में कोरोना पर कंट्रोल की वजह से इकोनमी ने रफ्तार पकड़ी है। हमने प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाया है। सीतारमण ने कहा कि कोविड–१६ महामारी के कारण सरकार के सामने कई प्रकार की चुनौतियां थीं। सरकार ने इस आपदा को एक अवसर में बदल दिया।

# कश्मीर को सही समय पर मिलेगा राज्य का दर्जा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर अभी केंद्र शासित प्रदेश ही रहेगा और सही समय आने पर उसे पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कानून में कहीं नहीं लिखा है कि जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य नहीं बनाया जाएगा। अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा निश्चित रूप से मिलेगा। गौरतलब है कि अगस्त २०१६ में केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले कानून ३७० को खत्म कर दिया था और राज्य का दो हिस्सों में बंटवारा करके उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था। अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक का राज्य के दर्जे से कोई संबंध नहीं है और सही समय पर जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। लोकसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, २०२१ पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि इस विधेयक में ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि इससे जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। शाह ने कहा– मैं फिर से कहता हूं कि इस विधेयक का जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे से कोई संबंध नहीं है। उपयुक्त समय पर प्रदेश को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। ४जी इंटरनेट सुविधाएं दबाव में बहाल करने के आरोप पर जवाब देते हुए शाह ने कहा– असदुद्दीन ओवैसी जी ने कहा कि २जी से ४जी इंटरनेट सेवा को विदेशियों के दबाव में लागू किया है। उन्हें पता नहीं है कि यह संप्रग सरकार नहीं, जिसका वे समर्थन करते थे। यह नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो देश के लिए फैसले करती है। कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा– यहां कहा गया कि अनुच्छेद ३७० हटाने के वक्त



जो वादे किए गए थे, उनका क्या हुआ? मैं उसका जवाब जरूर दूंगा लेकिन पूछना चाहता हूं कि अभी तो अनुच्छेद ३७० को हटे हुए केवल १७ महीने हुए हैं, आपने ७० साल क्या किया उसका हिसाब लेकर आए हो क्या? शाह ने कहा कि जिन्हें पीढ़ियों तक देश में शासन करने का मौका मिला, वे अपने गिरेबां में झांककर देखें, क्या आप हमसे १७ महीने का हिसाब मांगने के लायक हैं या नहीं। गृह मंत्री ने कहा– मैं इस सदन को फिर से एक बार कहना चाहता हूं कि पया जम्मू कश्मीर की स्थिति को समझें। राजनीति करने के लिए कोई ऐसा बयान न दें, जिससे जनता गुमराह हो। उन्होंने कहा कि ओवैसी अफसरों का भी हिंदू मुस्लिम में विभाजन करते हैं। एक मुस्लिम अफसर हिंदू जनता की सेवा नहीं कर सकता या हिंदू अफसर मुस्लिम जनता की सेवा नहीं कर सकता क्या? उन्होंने कहा कि अफसरों को हिंदू–मुस्लिम में बांटते हैं और खुद को धर्मनिरपेक्ष कहते हैं।

# मोदी कल कोच्चि में नई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे

कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल कोच्चि में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों की कुछ नई परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। मोदी दोपहर में तमिलनाडु पहुंचेंगे और शाम ६ बजे के आसपास दिल्ली के लिए रवाना होंगे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री मनसुख एल मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन, मोदी के साथ मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम में बीपीसीएल के ६,००० करोड़ रुपये के प्रोपाइलिन डेरिवेटिव्स पेट्रोकेमिकल्स प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करना, सागरिका का शुभारंभ, २५ करोड़ रुपये के कोचीन पोर्ट के अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल, नए ज्ञान केंद्र के



पुनर्निर्माण के लिए आधारशिला रखना इत्यादि शामिल है। मोदी राज्य में एक पार्टी नेताओं की बैठक में भाग ले सकते हैं, क्योंकि राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

# तीन राज्यों में ७८ फीसदी एक्टिव केस

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार कम हो रहे हैं। हालांकि बिहार में कोरोना टेस्टिंग में हुए घोटाले की जैसी खबरें आ रही हैं उससे यह भी लग रहा है कि राज्यों में वास्तविक आंकड़ों को दबाया गया है। बहरहाल, देश में नए मामले अब बहुत कम आ रहे हैं सिर्फ तीन राज्यों में ही इसका व्यापक असर दिख रहा है। कोरोना वायरस के एक्टिव मामलों में ७८ फीसदी मामले सिर्फ तीन राज्यों में हैं। देश में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या एक करोड़ नौ लाख पहुंच गई है पर अब एक्टिव केस एक लाख ३० हजार के करीब ही हैं। इनमें से भी ७७.६० फीसदी मामले सिर्फ तीन राज्यों– केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक के हैं। केरल में सबसे ज्यादा ६३ हजार एक्टिव केस हैं। महाराष्ट्र में ३० हजार से कुछ ज्यादा और कर्नाटक में छह हजार के करीब एक्टिव केस हैं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चार–चार हजार से ज्यादा एक्टिव केस हैं। संक्रमितों की संख्या में कमी आने के साथ ही संक्रमण की दर भी घट गई है। अब देश में होने वाली टेस्टिंग में ५.३ फीसदी लोग ही पॉजिटिव आ रहे हैं। हालांकि महाराष्ट्र में अब भी संक्रमण की दर बहुत ज्यादा है। वहां संक्रमण की दर साढ़े १३ फीसदी है। महाराष्ट्र के बाद साढ़े ११ फीसदी संक्रमण की दर गोवा में है। नगालैंड



में साढ़े नौ फीसदी संक्रमण दर है। इस बीच देश में कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए शुरू हुए वैक्सीनेशन को २८ दिन पूरे हो चुके हैं। १६ जनवरी से शुरू हुए वैक्सीनेशन अभियान के तहत अब तक ८० लाख के करीब लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। शनिवार को टीके का दूसरा डोज भी दिया जाने लगा। जिन लोगों को पहले दिन यानी १६ जनवरी को टीका लगा था, उन्हें दूसरा डोज दिया जाएगा।

# सीतारमण पर कांग्रेस का पलटवार

नई दिल्ली। सोनिया और राहुल गांधी और प्रियंका व रबर्ट वाड्रा पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के हमले के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया। कांग्रेस पार्टी ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि सीतारमण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक हैं तथा उनका एकमात्र मकसद 'हम दो, हमारे दो' है। लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह दावा भी किया कि जब सरकार और उसके मंत्री देश व अर्थव्यवस्था की स्थिति संभाल नहीं पा रहे हैं तो वे कांग्रेस नेताओं पर अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी ने संसद परिसर में निर्मला सीतारमण पर हमला करते हुए कहा– वे वित्त मंत्री नहीं, खीज मंत्री हैं। वे देश की अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के साथ मिल कर देश को रसातल में पहुंचा दिया। इनका एक ही ध्येय है– हम दो, हमारे दो। चौधरी ने कहा– ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया है कि लॉकडाउन के कारण भारत के अरबपति ३५ फीसदी अमीर हो गए, जबकि करोड़ों आम लोगों की आय घट गई। हम वित्त मंत्री से पूछना चाहते हैं कि यह क्यों




हुआ? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार ने पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रुपए का कर्ज बट्टे खाते में डाल दिया, लेकिन किसानों के लिए बजट में कमी कर रही है। चौधरी ने कहा कि मनरेगा और दूसरी सामाजिक योजनाओं के लिए आवंटन में कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा– जब देश की हालत और अर्थव्यवस्था को संभाल नहीं पाते हैं तो सरकार और उनके मंत्री हम पर गुस्सा होते हैं। आज वित्त मंत्री ने हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं। यह सरकार विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं करती। अधीर रंजन ने कहा– भारत की वित्त मंत्री होने के नाते उन्हें सदन के भीतर असंसदीय कार्यों में शामिल नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के दूसरे नेता जयराम रमेश ने भी निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा और कहा कि षि कानूनों के मामले में कांग्रेस ने यू–टर्न नहीं किया है, बल्कि भाजपा ने यू–टर्न किया है। उन्होंने २०११ में गुजरात के तब के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की बनाई एक रिपोर्ट का अंश भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस बात के कानूनी प्रावधान किए जाने चाहिए ताकि किसान और कारोबारी के बीच कोई सौदा एमएसपी से कम पर नहीं हो।

# बाबुओं छोड़ो सब और बेचों खरबपतियों को!

**हरिशंकर व्यास**

भारत की नौकरशाही याकि आईएएस बाबुओं की फौज को बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में जो आईना दिखाया वह आजाद भारत की इतिहासजन्य घटना है। क्या गजब वाक्य कि क्या–सबकुछ बाबू ही करेंगे? आईएएस बन गया मतलब वह फर्टिलाइजर का कारखाना भी चलाएगा, आईएएस हो गया तो वह हवाई जहाज भी चलाएगा। यह कौन सी बड़ी ताकत बना कर रख दी है हमने? बाबुओं के हाथ में देश दे करके हम क्या करने वाले हैं? सोचें, आईएएस अफसरों को लोकसभा में प्रधानमंत्री ने 'बाबू' कहा। सन् २०१६ में आईएएस एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष ने 'बाबू' शब्द को गाली समान कहा था। और २०२१ की ११ जनवरी को भारत के प्रधानमंत्री ने 'बाबू' शब्द के हवाले संसद में कहा– आईएएस हो गया तो वह हवाई जहाज भी चलाएगा। यह कौन सी बड़ी ताकत बना कर रख दी है हमने? बाबुओं के हाथ में देश दे करके हम क्या करने वाले हैं? अपना मानना था, है और रहेगा कि नरेंद्र मोदी अपने आपको सर्वज्ञ




मानते हैं। वे गुजरात में मुख्यमंत्री पद के समय से अनुभव के साथ कुछ चुनिंदा बाबुओं को छांट उनके जरिए राज करते हैं। उनका बाबुओं की काबिलियत, क्षमता आदि के बारे में वैसा ही आकलन है जैसे गुजरात के आम व्यापारी वर्ग की सोच में है। बिजनेस, कारोबार, उद्योग में बाबुओं से क्या बन सकता है, इसका नरेंद्र मोदी को दो टूक अनुभवहै। तभी कोरोना के महामारी काल के वक्त को अवसर बना कर सरकारी कारखानों को बेचने और आर्थिकी में स्ट्रक्चरल याकि संरचनात्मक परिवर्तन का लक्ष्य बना सब कुछ यहां तक की खेती भी उन चुनिंदा खरबपतियों को सुपुर्द करवाने का रोडमैप बना है और संकल्प हुआ है कि कुछ हो जाए झुकना नहीं है। लोकसभा में प्रधानमंत्री का भाषण इस नाते भी दो टूक संकल्प बतलाने वाला है कि राहुल गांधी भले कहें कि हम दो हमारे दो और आम आदमी में अंबानी–अडानी की चर्चा हो लेकिन बाबुओं जान लो इस सबका कोई अर्थ नहीं है हमें दस–बीस वे सुपर खरबपति बनाने हैं और इनका ऐसा एकाधिकार बनाना है कि ये खरबपति से शंखपति होते जाएं और अगले पांच साल में ऐसे पांच छह शंखपति अंबानी–अडानी हों, जिससे दुनिया में उनका दबदबा बने और भारत के १३८ करोड़ लोगों के बाजार की कमाई विदेशियों को ललचा जाए। तमाम वैश्विक करपोरेट तब अंबानी–अडानी एंड पार्टी के जरिए भारत में कमाई करें। अंबानी–अडानी का स्वदेशी मंच और उनके पीछे कमाई करती वैश्विक कंपनियां। सवाल है कि बाबू लोग क्या सरकारी संपदा बिकने देंगे? इसी चिंता और दो टूक मैसेज देने के लिए लोकसभा में प्रधानमंत्री ने बाबुओं को मैसेज दे दिया। तब मंत्री और सचिव सब फटाफट बेचने के मिशन में क्या नहीं जुटेंगे? क्या किसी में सवाल करने की हिम्मत है? कोईविरोध कर सकता है? फिर जब किसान अक्टूबर आते–आते दम तोड़ देंगे तो आगे विरोध की हिम्मत किसी की नहीं बचेगी। न जनता के पैसे की एलआईसी का निजीकरण अटकेगा और न रेलवे का निजीकरण। भाजपा या संघ में तो खैर विरोध, आपत्ति का सवाल ही नहीं!

## पीएम मोदी 16 फरवरी को महाराजा सुहेलदेव स्मारक का करेंगे शिलान्यास

लखनऊ। महाराजा सुहेलदेव की जयंती यानि १६ फरवरी को चितौरा झील पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से लोगों को संबोधित करेंगे। सहेुलदेव की जयंती पर उनकी याद में स्मारक बनाया जाएगा। जिसकी आध ाारशिला पीएम मोदी रखेंगे।इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बहराइच में मौके पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बहराइच और श्रावस्ती के लिए कुछ बड़ी सौगातों की भी घोषणा हो सकती है। इससे चित्तौरा झील पर स्थित महाराजा सुहेलदेव की कर्मस्थली को अब एक अलग पहचान मिलेगी। सुहेलदेव की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी चित्तौरा झील और महाराज सुहेलदेव के स्मारक के सुंदरीकरण के कार्यकमों का शिलान्यास भी करेंगे। स्मारक स्थल पर सुहेलदेव की भव्य प्रतिमा भी लगेगी। वहीं, भाजपा सरकार ने सहेुलदेव के सम्मान में डाक टिकट भी जारी किये थे। साथ ही ट्रेन भी चलाई थी। बता दें कि चितौरा झील मुनि अष्टावक्र की तपोस्थली भी रही है। बहराइच और उसके आसपास के क्षेत्र ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से काफी महत्वपूर्ण रहे हैं। पौराणिक धर्म ग्रंथों के मुताबिक बहराइच को ब्रह्मा ने बसाया था। यहां सप्त ऋषि मंडल का सम्मेलन भी कराया गया था। चित्तौरा झील के तट पर त्रेता युग के मिथिला नरेश महाराजा जनक के गुरु अष्टावक्र ने वहां तपस्या की थी।

## यूपी पॉलीटेक्निक में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा १५ जून से २० जून तक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थाओं में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा इस बार १५ जून से २० जून तक होगी। इस बार संपूर्ण प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराई जाएगी। दो पालियों में सुबह ६:०० से १२:०० और दोपहर २:३० से ५:३० बजे तक कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट **www-jeecup-nic-in** और **www-jeecup-org** फरवरी के तीसरे सप्ताह में खोली जाएगी।

## आंदोलन के पक्ष में हो रही महापंचायत पर टिकैत ने रखी अपनी बात

गाजीपुर बॉर्डर। कृषि कानून के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी है ऐसे में आंदोलन को तेज और देशभर में फैलाने के लिए विभिन्न हिस्सों में महापंचायतें हो रही हैं, जिसमें राकेश टिकैत शामिल हो रहे हैं। हालांकि गाजीपुर बॉर्डर पर उनकी गैर मौजूदगी में किसानों में उत्साह कम दिखाई देने लगा है। हालांकि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने इस पर कहा कि, ये आंदोलन जन मुक्ति आंदोलन है, लोग बंधक हैं उनको रिहा कराना है, इसी वजह से महापंचायत की जा रही है। क्या राकेश टिकैत लोकप्रियता की वजह से अपनी एक अलग दुनिया बना रहे हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि, मेरी कोई दुनिया नहीं, मैं तो वही किसान हूं और इस आंदोलन के नेता भी किसान हैं। इस पूरे सिस्टम को किसान चला रहा है। यहां किसानों में कोई नेता बनने की कोशिश करेगा तो इसका इलाज भी करेंगे। आंदोलन को ८० दिन हों चुके हैं, धीरे धीरे किसान नेताओं पर भी शिकंजा कसने लगा है, यही कारण है कि उनकी सम्पत्तियों पर सवाल उठने लगे हैं। इस पर टिकैत ने कहा कि, मुझे नहीं पता कितने की प्रॉपर्टी बताई गई है, मेरे पास तो कुछ नहीं है। आंदोलन पर आगे की रणनीति क्या है? सरकार के साथ बातचीत पर क्या हुआ ? इस पर टिकैत ने कहा कि, सरकार बताए कि कहां आना है? किधर बात करनी है उसका टाइम, स्थान ये तो सरकार बताएगी। उनके पास संदेश जा रहा है उनको हमारे मुद्दों पर सहमति होगी तो बुला लेंगे। किसान संगठनों के नेताओं के अनुसार इस आंदोलन के दौरान अब तक २२८ किसान शहीद हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर १४ फरवरी को, पुलवामा हमले के शहीदों को याद करते हुए, पूरे भारत के गांवों और कस्बों में मशाल जूलूस और कैंडल मार्च का आयोजन किया जाएगा। आंदोलन में शहीद किसानों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। जय जवान, जय किसान के आंदोलन के आदर्श को दोहराया जाएगा। दरअसल तीन नए अधिनियमित खेत कानूनों के खिलाफ किसान पिछले साल २६ नवंबर से राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान उत्पाद व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सुविधा) अधिनियम, २०२०, मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा अधिनियम २०२० और आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधि ानियम, २०२० किसान सशक्तिकरण और संरक्षण समझौता हेतु सरकार का विरोध कर रहे हैं।

## ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए राहुल


जयपुर। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पार्टी की ओर से आयोजित ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए। उन्होंने लगातार दूसरे दिन कृषि कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला किया और और कहा कि नए ेषि कानूनों से देश के किसान, छोटे कारोबारी और रेहड़ी–पटरी वाले लोग बरबाद हो जाएंगे। इससे पहले उन्होंने अजमेर के किशनगढ़ तेजाजी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद रूपनगढ़ में ट्रैक्टर रैली को संबोधित किया। राहुल ने एक दिन पहले शुक्रवार को पीलीबंगा और पदमपुर की सभाओं में भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। दूसरे दिन रूपनगढ़ रैली में खासतौर पर ट्रॉलीनुमा मंच बनाया गया था। रूपनगढ़ के बाद राहुल ने नागौर के मकराना में भी रैली को संबोधि ात किया। उन्होंने कहा– मैं तीन नए कृषि कानूनों के बारे में बात करने के लिए आया हूं। इन कानूनों के पीछे लक्ष्य क्या है? पहला कानून कहता है कि हिंदुस्तान के किसी भी कोने में बड़े से बड़े उद्योगपति जितनी भी फल, सब्जी खरीदना चाहते हैं, वे खरीद सकते हैं। अगर ऐसा होगा तो मंडी का क्या मतलब रह जाएगा? पहले कानून का मकसद मंडी की हत्या करना है। राहुल ने कृषि कानूनों के बारे में बताते हुए कहा– दूसरा कानून कहता है कि देश के उद्योगपति जितना भी फल, सब्जी और अनाज स्टोरेज में रखना चाहते हैं, वे रख सकते हैं। तीसरा कानून कहता है कि अगर कोई भी किसान हिंदुस्तान के उद्योगपतियों के पास जाकर सही दाम मांगेगा तो वह अदालत में नहीं जा पाएगा। उन्होंने कहा– नए कानून से सिर्फ किसानों को नुकसान नहीं होगा। रेहड़ी वाले, पटरी वाले, छोटे व्यापारी सब बरबाद हो जाएंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा– हिंदुस्तान का सबसे बड़ा बिजनेस ेषि का है। अगर आप सोचते हैं कि गाड़ी बनाने या हवाई जहाज उतारने का बिजनेस सबसे बड़ा है तो आप गलत हैं। कृषि दुनिया का सबसे बड़ा बिजनेस है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं है। नरेंद्र मोदी चाहते हैं, हिंदुस्तान के ४० फीसदी लोगों का बिजनेस दो लोगों के हाथ में चला जाए।

# अद्भुत प्रेम कहानी : रानी रूपमती और बाजबहादुर


**अमरेन्द्र सहाय अमर**


आज १४ फरवरी यानि वेलेंटाइन दिन है. आज के दिन लोग अपनी प्रेयसी को गुलाब देकर वेलेंटाइन दे मनाते है. कहते हैं इस दिन गुलाबो की कमी पद जाता है. यदपि यह दिन एक विदेशी कहानी से आयातित है. प्यार करने का कोई दिन निर्धारित नही होता है. हमारे देश में आयातित घटनाओं को सेलीब्रेट करने का प्रचलन कुछ ज्यादा ही बढ़ता जा रहा है. हमारे देश में प्रेम कहानियों की भरमार है जो त्यग और अद्भुत प्रेम की दास्तान है. आज एक ऐसे ही प्रेम कहानी को जानने की जरूरत है. सच्चे प्यार को पूरे मन से जीने और निभाने वाले बहुत कम ही लोग हुए हैं इस धरती पर. जब कभी प्रेम कहानियों की बात चलती है, तब आज भी मध्य प्रदेश स्थित मांडू के लोग रानी रूपमती और बाज बहादुर का नाम बड़े गर्व से लेते हैं. रानी रूपमती और बाज बहादुर की प्रेम कहानी एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर है। विंध्याचल पर्वत पर बसे मांडू की पहाड़ियों पर आज भी रानी रूपमती और बाज बहादुर के प्यार के स्वर गूंजते हैं. युद्ध, प्रेम, संगीत और कविता का अद्भुत मेल है इस जादुई प्रेम कहानी में. रूपमती मालवा की गायिका थीं और सुल्तान बाज बहादुर उनसे प्रेम करते थे। दरसल रानी रूपमती का रूप वास्तव में उनके नाम को चरितार्थ करता थाध्‍ रूप सौंदर्य के साथ ही उनकी आवाज भी बड़ी सुरीली थी। वह अच्छा गाना गाती थीं. बाज बहादुर से उनका अंतर्धार्मिक विवाह था। बाज बहादुर मांडू के अंतिम स्वतंत्र शासक थे। रूपमती किसान पुत्री और गायिका थीं. उनकी आवाज के मुरीद बाज बहादुर उन्हें अपने दरबार में ले आये और दोनों परिणय सूत्र में बंध गयेध्‍ लेकिन जब रानी की इन खूबियों के बारे में शहंशाह अकबर को पता चला, तो वह रूपमती पर मोहित हो गया और यह प्रेम कहानी परवान चढ़ने से पहले ही खत्म हो गयी।. रूपमती को पाने की इच्छा से अकबर ने बाज बहादुर को एक पत्र भेजा, जिस पर लिखा था कि रानी रूपमती को दिल्ली के दरबार में भेज दो इस पत्र को पढ़ कर बाज बहादुर क्रोधित हो गये और उन्होंने अकबर को पत्र लिखकर कहा कि वह अपनी रानी को उनके यहां भिजवा दें. अपने पत्र का ऐसा जवाब पढ़ कर अकबर आग–बबूला हो गया। अहंकार और गुस्से से भरे अकबर ने अपने सिपहसालार आदम खां से मालवा पर हमला करने को कहा. बाज बहादुर ने अपनी छोटी–सी सेना के साथ उसका मुकाबला किया। इसके बाद भीषण युद्ध हुआ और आदम खां ने बाज बहादुर को बंदी बना लियाध्‍ इसके बाद उसके सिपाही रानी रूपमती को लेने मांडू की ओर चल पड़े, लेकिन जब इस बारे में रानी रूपमती को पता लगा तो उन्होंने खुद को अकबर के हाथों में सौंपने से अपनी जान देना बेहतर समझा उन्होंने हीरा निगल कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। जब रानी की मौत का समाचार अकबर को मिला तो उसे बहुत दुख हुआ। वह पछतावे की अग्नि में जलने लगा। उसने बाज बहादुर को कैद से आजाद कर दिया। बाज बहादुर ने कहा कि वह वापस अपनी राजधानी सारंगपुर जाना चाहते हैं. सारंगपुर वापस आने पर बाज बहादुर ने रानी की मजार पर सिर पटक –पटक कर अपने प्राण त्याग दिये. इस घटना के बाद अकबर को अपने किये पर काफी शर्मिंदगी हुई। उसने पश्चाताप करने के लिए सन १५६८ में सारंगपुर के समीप एक मकबरे का निर्माण कराया।. बाज बहादुर के मकबरे पर अकबर ने 'आशिक–ए–सादिक' और रूपमती की समाधि पर 'शहीद–ए–वफा' लिखवाया। आज मांडू, मध्य प्रदेश का एक ऐसा पर्यटन स्थल बन चुका है, जो रानी रूपमती और बाज बहादुर के अमर प्रेम का साक्षी है। यहां के खंडहर और इमारतें हमें इतिहास के उस झरोखे का दर्शन कराते हैं, जिसमें हम मांडू की विशाल समृद्ध विरासत से रूबरू होते हैं. रानी रूपमती का किला इनके प्यार का गवाह है। रानी रूपमती को राजा बाज बहादुर इतना प्यार करते थे कि रानी रूपमती के दिल की हर बात समझ जाते थे। राजा बाज बहादुर और रानी रूपमती के प्यार के साक्षी मांडू में ३५०० फीट की ऊंचाई पर बना रानी रूपमती का किला है। कहते हैं कि रानी रूपमती नर्मदा नदी को देखे बिना भोजन ग्रहण नहीं करती थीं, इसलिए राजा बाज बहादुर ने रानी रूपमती की इच्छा का ध्यान रखते हुए रानी रूपमती किले का निर्माण करवाया। रानी रूपमती के किले से नर्मदा नदी नजर आती. कहा जाता है कि रानी रूपमती प्रतिदिन स्नान के बाद यहां पहुंचतीं और नर्मदा जी के दर्शन उपरांत अन्न ग्रहण करती थीं. राजा बाज बहादुर रानी रूपमती को बेहद प्यार करते थे। शायद इसलिए रानी रूपमती के महल तक पहुंचने से पहले राजा बाज बहादुर के महल को पार करना होता था। राजा बाज बहादुर रानी रूपमती की रक्षा के लिए यह सब करते थे। इसलिए शायद आज भी रानी रूपमती के किले को राजा बाज बहादुर और रानी रूपमती की प्रेम कहानी का प्रतीक समझा जाता है।















## बुनकर बचाओ, किसान बचाओ, देश बचाओ अभियान

**मो अरशद**

मऊ। बुनकर बचाओ, किसान बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत उत्तर प्रदेश बुनकर वाहिनी के केन्द्रीय कार्यालय कौड़ी बिल्डिंग रौजा मऊ पर बैठक हुई जिसमे संगठन के विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एकबाल अहमद अंसारी ने संगठन को मजबूत करने हेतु श्री दूध्‍नाथ व श्री रामाधार को उत्तर प्रदेश बुनकर वाहिनी के प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया। अर्जुन प्रसाद को जिला उपाध्यक्ष व श्री जयप्रकाश को जिला प्रचार मंत्री व श्री कल्पनाथ को जिला संगठन मंत्री चुना गया। इस अवसर पर परवेज अख्तर को जिला कमेटी का सदस्य बनाया गया।। सभी को नई जिम्मेदारी के वहाँ हेतु माल पहनाकर स्वागत किया गया। रमाश्रय भारद्वाज प्रदेश प्रवक्ता के कार्यो कि सराहना कर माला पहन कर आभार एवं अभिनंदन किया गया। सभी ने संगठन कि नीतियों को जन जन तक पहुचाने का संकल्प लिया। वक्तव्य मे कहा कि प्रदेश सरकार बुनकरों के बिजली पासबुक व फ्लैट रेट पूर्व कि भांति बहाल रहे, की मांग किया। दूधनाथ वा रामधार ने किसानों के आंदोलन के समर्थन किया। जिला उपाध्यक्ष श्री अर्जुन ने खुरहट पुलिस चौकी से रानीपुर मार्ग के निर्माण के कार्य मे हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया।। नेहाल अहसन् ने संगठन मे शामिल नए सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध गांजे व जिंदा कारतूस के साथ 03 शातिर तस्कर गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक मऊ के निर्देशन में अपराधध्अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा आज दिनांक १२.०२.२०२१ को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर हथिनी पुलिया के पास से तीन व्यक्तियों क्रमशः उमेश कुमार पुत्र देवेन्द्र कुमार, मिंटू कुमार पुत्र श्यामदेव व विजय कुमार पुत्र रवीन्द्र राम निवासीगण रैकवारेडीह थाना सरायलखंसी मऊ के कब्जे से ०४ किलो ५०० ग्राम अवैध गांजा व ०२ जिंदा कारतूस ३२ बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध क्रमशः मु०अ०सं० ४६,५०,५१,५२ध्२१ धारा ८/२० एनडीपीएस व ३ध्२५ आयुद्ध अध्‍िनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## शांति भंग की आशंका में 21 व्यक्ति गिरफ्तार

**मो अरशद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा शिवनरायण व सीताराम निवासीगण दशईपोखरा, थाना मधुबन पुलिस द्वारा संदीप निवासी उसरी, विनय कुमार निवासी सारंगपुर, रामनरायण निवासी विग्रहपुर, अमृतलाल निवासी नेवादा थाना घोसी पुलिस द्वारा रमेश, विद्याधर, अरविंद, रोशन निवासीगण पद्मीडांड़, राहुल व सुनील कुमार निवासी करमपुर थाना घोसी, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा शिवविलास चौबे, बब्बन सिंह निवासीगण कुर्थीजाफरपुर, यशवंत व राजकुमार निवासीगण कोपाकोहना थाना कोपागंज, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मो० सुल्तान व धनिराम निवासीगण बड़ी रहजनिया थाना कोतवाली, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा अखिलेश चौहान व विरेन्द्र चौहान निवासीगण भुसुवा थाना रानीपुर मऊ को शांति भंग की आशंका में धारा १५१ सीआरपीसी के अर्न्तगत गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## ०३ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा आज दिनांक १२.०२.२१ को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा मु०अ०सं० २४/२१ धारा ३६३,३६६,५०४,५०६ भादवि में वांछित अभियुक्त मंजर पुत्र मुनव्वर निवासी जहांगीराबाद थाना दक्षिणटोला व परवेज पुत्र जमील निवासी नगपुरा जनपद बलिया, थाना मधुबन पुलिस द्वारा भैरोपुर मंदिर के पास मु०अ०सं० ५५ध्२१ धारा ३५४,३२३,५०४,५०६ भादवि में वांछित अभियुक्त रितिकेश चौहान पुत्र जयकेश निवासी सिसवा थाना मधुबन मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# जय जवान जय किसान की कड़ी में किसान चौपाल का आयोजन

लखीमपुर खीरी। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी जी की आवाहन पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी विधायक अजय कुमार लल्लू भैया के दिशा निर्देशन पर जनपद के प्रभारी सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कुमुद गंगवार जी की देखरेख में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में संपूर्ण जनपद में होने वाले जय जवान जय किसान किसान चौपाल की कड़ी में तहसील पलिया की कोठी तिराहे चन्दन चौकी पर किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव बाजीराव खाड़े एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आर० के० चौधरी जी उपस्थित रहे चौपाल की अध्यक्षता स्वयं जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी सचिव कुमुद गंगवारजी,के अलावा जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, जिला महासचिव प्रभारी तहसील पलिया प्रेम कुमार वर्मा जी, जिला सचिव केके मिश्रा, जिला महासचिव बलराम गुप्ता, युवा नेता अमित गुप्ता, ब्लॉक बिजुआ से रामपाल राज ,पूर्व सदस्य जिला पंचायत रघुनंदन राजपासी,जिला सचिव रामज्ञान शर्मा , पूर्व ब्लाक अध्यक्ष विजुआ राजेंद्र अग्रवाल,ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शाह नगर अध्यक्ष आबिद भाई सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय गोस्वामी,भजो राम राणा, बुशरा खातून, उर्मिला राणा, अनिल शुक्ला, अजय दरोगा, दिनेश जिंदल , अमर गुप्ता, कलावती, भोले राम, सोमवती, पूर्व प्रधान हरद्वारी लाल ,रामअवतार राणा,भारत सिंह, पवन राणा, अनुसूचित जाति विभाग के दर्जनों नेता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रिशाल अहमद, एवं जिला महासचिव बलराम गुप्ता तथा संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रिशाल अहमद ने किया कार्यक्रम में लगभग ४०० किसान एवं महिलाएं उपस्थित रही।

# चमोली त्रासदी प्रभावित परिवारों से मिलने पहुंचे डीएम-एसपी

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। शनिवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने एसपी विजय दुल के साथ उत्तराखंड चमोली त्रासदी में जिले की तहसील निघासन के लापता व प्रभावित परिवारों के परिजनों से मुलाकात की। शनिवार को डीएम–एसपी ने तहसील निघासन के ग्राम सुथना–बरसोला, कड़िया व सिंगाही का भ्रमणकर उत्तराखंड के चमोली त्रासदी के प्रभावित व लापता परिवारों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। उन्होंने सरकार द्वारा लापता व प्रभावित परिवारों के लिए की जा रही कार्यवाही एवं मुहैया कराए जाने वाली मदद के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कठिन वक्त में पूरा प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ा है। परिवारों को हर संभव मदद कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के चमोली में उप्र सरकार द्वारा गठित टीम ( जिले के एसडीएम भी शामिल) लापता लोगों के संबंध में तपोवन पावर प्रोजेक्ट स्थल ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर जानकारी जुटाने में तत्परता से काम कर रही है। वहां होने वाली हर गतिविधि के संबंध में सभी संबंधित परिवारों को अवगत भी कराया जा रहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी निघासन ओम प्रकाश गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन प्रदीप कुमार वर्मा सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# रालोद की बैठक में चलो गांव की ओर का हुआ निर्णय

**कृष्ण कुमार शुक्ला**

लखीमपुर खीरी। चलो गांव की ओर रालोद की बैठक में निर्णय लिया गया।यह बैठक कार्यालय पर हुई और हाई कमान के निर्देश का पालन करने का आहान लिया गया, पार्टी की बैठक पार्टी के महासचिव पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के विस्तार पर राष्ट्रीय हाई कमान के निर्देशानुसार पार्टी के चलो गांव की ओर कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इसी कार्यक्रम को विस्तार देने के लिए बैठक में एक रूप रेखा तैयार की गई, जिसके अनुसार पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी गांव की ओर रुख करेंगे, उपरोक्त कार्यक्रम का शुभारंभ बैठक के उपरांत किसानों के मसीहा राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हम सबके दिल की धड़कन व सर्व समाज के हक की आवाज चौधरी अजीत सिंह का ८२ वां जन्म दिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया ईश्वर से उनकी लंबी उम्र की कामना की गई तथा पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्य कर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर हार्दिक शुभकामनाएं दी। पार्टी के जिला महासचिव ने बताया कि २५ फरवरी को जयंत चौधरी व साथ में पार्टी के तराई जोन के अध्यक्ष व जिलापंचायत सदस्य मंजीत सिंह संम्पूणना नगर इंटर कालेज में किसानो के साथ बैठक कर संबोधित करेंगे। बैठक में निर्णय के बाद सभी पदाधिकारियों ने एक मत होकर सहयोग का आश्वासन दिया है.इस अवसर पर प्रकाश चन्द्र वर्मा, दानिश हुसैन,राम देवी, आकिब, आशाराम, पार्वती, निर्मला देवी, निर्मला, श्यामा कश्यप, सियापति पंकज कश्यप, अनुराग आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# शांति भंग की आशंका में २८ व्यक्ति व ०२ वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**मो अरशद**

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा हरिश्चंद, अभिनंदन, राजनंदन निवासीगण रैनी, संतोष व अशोक निवासीगण भूपतनगर थाना



दक्षिणटोला, थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा हरेन्द्र पाल निवासी चकबभनी, चंदन राजभर निवासी पनियरा, राजकुमार निवासी बढ़ुआगोदाम थाना सरायलखंसी, थाना घोसी पुलिस द्वारा अब्दुल रहमान, आसिफ, मो० फरहान निवासीगण मदापुर समसपुर, हमीद निवासी करीमुद्दीनपुर, संजय यादव निवासी रसूलपुर, नसीरूद्दीन निवासी बड़ागांव थाना घोसी, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा राहुल यादव निवासी खुखुदवां थाना कोपागंज, थाना रानीपुर पुलिस द्वारा जोगेन्द्र राजभर निवासी गोकुलपुरा, संजय सरोज, गोधन, पिंटू, संदीप निवासीगण दतौली, विरेन्द्र, शिवधर निवासीगण जनईपुर थाना रानीपुर व थाना मधुबन पुलिस द्वारा सतई यादव, जनार्दन निवासीगण बखरिया, राजीत चौहान, हंसनाथ, अमरनाथ, दौलत निवासीगण धरमपुर विशुनपुर थाना मुधुबन मऊ को शांति भंग की आशंका में धारा १५१ सीआरपीसी के अर्न्तगत व वारंटी अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद पुत्र नीबूलाल व विनोद पुत्र मोतीलाल निवासीगण चोचापुर थाना मधुबन मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। प्रत्येक माह के द्वितिय व चतुर्थ शनिवार को थानों पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में आज दिनांक १३.०२.२०२१ को जनपद के समस्त थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर पड़े कुल प्रार्थना पत्रों का विवरण निम्नवत है– थाना चिरैयाकोट में ०४ प्रा०पत्र पड़े व निस्तारण ०१, थाना दक्षिणटोला में ०७ प्रा०पत्र व निस्तारण ०४, थाना दोहरीघाट में १४ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ०२, थाना घोसी में ०४ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ०२, थाना हलधरपुर में १५ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ००, थाना कोपागंज में ०४ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ००, थाना कोतवाली में ०१ प्रा०पत्र, निस्तारण ०१, थाना मधुबन में ०६ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ००, थाना मुहम्मदाबाद में ११ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ०३, थाना रानीपुर में १५ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ०२, थाना सरायलखंसी में १७ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ०० व थाना रामपुर में ०२ प्रा०पत्र पड़े, निस्तारण ००।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई बैठक

**मो अरशद**

मऊ। १६ फरवरी,२०२१ को सुहेलदेव जयन्ती मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक मुख्य विकास अधिकारी राम सिंह वर्मा अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। उक्त



अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी को अपने–अपने ब्लाक में शहिद स्मारकों पर माल्यार्पण करने एवं शाम के समय दीप प्रज्वलित करने के निर्देश दिये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को परदहां ब्लाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को परदहां ब्लाक में साफ–सफाई एवं जयन्ती के अवसर पर टेन्ट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को अपने–अपने विभाग में संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी लागने के भी निर्देश दिये। उक्त अवसर पर जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता नगर पालिका सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गुमशुदगी

मऊ। १६ जनवरी को मऊ के सलाम अहमद पुत्र पीर मोहम्मद का पासपोर्ट वास्तव में कहीं गुम हो गया है पासपोर्ट संख्या ४९५७२७८ है जिसकिसी को मिले वो इस पते व नम्बर पर सम्पर्क करे सलाम अहमद पुत्र पीर मोहम्मद पता अलाउद्दीन पुरा मऊनांथभंजन उत्तर प्रदेश

# लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर सड़क हादसों में 12 की मौत

लखनऊ,। तेज रफ्तार और घने कोहरे का कहर शुक्रवार देर रात व शनिवार सुबह उत्त्तर प्रदेश में देखने को मिला। लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर हुए सड़क हादसों में १२ लोगों की मौत हो गई, जबकि ४६ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे चालक को झपकी आने, तेज रफ्तार और घने कोहरे की वजह से हुए।कन्नौज में एक्सप्रेस–वे पर खड़े ट्रक से टकराई कार, छह की मौतरू कन्नौज में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर तालग्राम थानांतर्गत शुक्रवार देर रात चालक को झपकी लगने से तेज रफ्तार कार आगे धीमी गति से चल रहे ट्रक में घुसने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र के बुधड़िया निवासी भैयालाल के पुत्र ज्ञानेंद्र यादव राजस्थान के मेहंदीपुर स्थित बालाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। कार में उनके साले सोनू यादव, चचेरे भाई प्रमोद यादव, सत्येंद्र यादव, भतीजा सूरज और दोस्त मोहित थे। एक्सप्रेस–वे पर तालग्राम थानाक्षेत्र के शनिवार रात करीब एक बजे कार चला रहे ज्ञानेंद्र को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर आगे धीमी गति से चल रहे ट्रक के पिछले हिस्से में घुस गई। हादसे में कार सवार सभी पांचों की मौत हो गई।इटावा में एक्सप्रेस वे पर वाहन भिड़े, दो की मौतरू इटावा में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर शनिवार सुबह घने कोहरे में दो बसों समेत पांच वाहन टकराने से तीन की मौत हो गई, जबकि १२ लोगों को चोटें आईं।राजस्थान के भिवाड़ी से ६५ यात्री लेकर बिहार के लिए निकली बस एक्सप्रेस–वे पर आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही थी। ऊसराहार थानाक्षेत्र में कंटेनर ने बस में टक्कर मार दी। हादसे में मुकेशा देवी निवासी रामपुर, गोझरी, रोहतास बिहार, अजीत निवासी तुरई डेरा, बक्सर, बिहार, ज्ञानू निवासी मंझनपुर, कौशांबी की मौत हो गई, जबकि १० लोग घायल हो गए। घायलों में देवानंद निवासी भोजपुर बिहार, सुनील, ऊषा देवी, आरती निवासी बैरथ, आरा बिहार, राकेश निवासी रामपुर रोहतास बिहार, जयमंगल निवासी रोहतास बिहार, अजीत निवासी गुलापुरा, प्रयागराज, अजय निवासी बारी महेवा, सोनभद्र, रामादेवी निवासी गोपीगंज, भदोही, अनीता कुमारी पता अज्ञात, पवन कुमार निवासी आरा, बिहार, नागेंद्र निवासी खजनी, रोहतास बिहार शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण छह गाड़ियां आपस में टकरा गई। हादसे में २० लोग घायल हो गए। हादसे में आशिफ, किशन कुमार निवासीगण जालौन, जुनेद, दुर्गेश पांडे व स्पर्श वर्मा, पद्मावती निवासीगण लखनऊ, विजय कुमार पंकज निवासी गाजियाबाद, मुकेश दूबे निवासी गोंडा, प्रेमवती निवासी उन्नाव, प्रियंका निवासी फरीदाबाद एवं प्रिया व प्रभुन निवासी दिल्ली घायल हो गए। सभी घायलों की हालत अब खतरे से बाहर है।फिरोजाबाद में चार बस सहित १५ वाहन भिड़ेरू फीरोजाबाद में शनिवार सुबह लखनऊ एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर दो दर्जन से ज्यादा वाहन टकरा गए। लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भारत निवासी सहवा चित्तौड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है। हादसे में २० लोग घायल हो गए। इसी तरह मांट टोल प्लाजा के पास हादसे में ईको कार में सवार पांच लोग घायल हो गए।बागपत में शनिवार तड़के ईपीई (ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस–वे) पर कोहरे के कारण दो स्थानों पर हुए हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। हादसों में छह वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## 'टाइगर 3' में विलेन का किरदार निभायेंगे इमरान हाशमी!

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी आने वाली फिल्म 'टाइगर ३' में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। यशराज बैनर तले बन रही 'टाइगर ३' फिल्म इंडस्ट्री की सबसे बड़ी और कूलेस्ट एक्शन फिल्म होगी। सलमान खान और कैटरीना कैफ की जोड़ी 'टाइगर ३' में नजर आयेगी। चर्चा है कि इमरान हाशमी को फिल्म 'टाइगर ३' में विलेन के किरदार के लिए तय कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि मार्च से 'टाइगर ३' का शूट शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि मार्च से ही इमरान हाशमी भी फिल्म का शूट शुरू कर देंगे। फिल्म का शुरुआती शूट यशराज स्टूडियोज में होगा, जहां पर इमरान हाशमी, सलमान खान और कैटरीना कैफ के साथ कुछ सीन्स शूट करेंगे। इसके बाद फिल्म का दूसरा हिस्सा मिडिल ईस्ट में शूट होगा और फिर फिल्म का आखिरी हिस्सा वापस मुंबई में ही शूट होगा।



## अक्षरा का वेलेंटाइन स्पेशल गाना रिलीज

मुंबई। भोजपुरी फिल्मों की जानी मानी अभिनेत्री–सिंगर अक्षरा सिंह का वेलेंटाइन स्पेशल गाना रिलीज हो गया है। अक्षरा ने वेलेंटाइन डे को खास बनाने के लिए अपना वेलेंटाइन स्पेशल गाना 'माई फर्स्ट वेलेंटाइन' रिलीज कर दिया है, जो खूब वायरल हो रहा है। अक्षरा सिंह ने यह गाना अपने अफिसियल यूट्यूब चौनल से रिलीज किया है, जिस पर उनके फैंस के भी खूब रिएक्शन आ रहे हैं। अक्षरा सिंह ने कहा कि प्रेम शाश्वत है। मेरा यह गाना उन प्यार करने वालों के लिए है, जो सही मायने में एक दूसरे से प्रेम करते हैं। उन्हें यह गाना खूब पसंद भी आने वाला है। यह बेहद रोमांटिक गाना है। उम्मीद करती हूं कि मेरे यह गाना आपके वेलेंटाइन के लिए यादगार हो जाए। गौरतलब है कि अक्षरा सिंह के इस वेलेंटाइन स्पेशल गाने का लिरिक्स अजय बच्चन ने तैयार किया है। म्यूजिक प्रियांशु सिंह का है। वीडियो डाइरेक्टर पंकज सोनी और कोरियोग्राफर संजय कोर्व हैं।



## स्पा सेंटर में सैक्स रैकेट पुलिस का छापा

लखनऊ। स्पा सेंटर में सैक्स रैकेट चलने की सूचना पर अपर पुलिस उपायुक्त प्राची सिंह ने छापेमार कर महिलाओं समेत दो पुरूषों को संदिग्ध ा हालतों में पकड़ लिया। जिसे गाजीपुर थाने लाकर पुलिस पुछताछ कर रही है एडीसीपी ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरी सेक्टर–१२ स्थित अमाया द ब्यूटी सैलून स्पा पर्लर में पुलिस को सेक्स रैकेट चलाने की सूचना मिली। स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने की सूचना पर शनिवार को पुलिस छापा मारने पहुंची। पुलिस को देखकर स्पा सेंटर में हड़कंप मच गया। पुलिस के भी होश उड़ जब महिलाओं के साथ पुरुषों को भी देखा। पुलिस ने मौके से १० महिलाओं को पकड़ लिया है। साथ ही कुछ युवकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। स्पा पार्लर से पकड़े गए सभी लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है।वैसे तो वेश्यावृत्ति कानूनन अपराध है।बावजूद इसके राजधानी के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में स्पा सेंटर के नाम पर दर्जनों ऐसे संस्थान चलाए जा रहे हैं। जहां आलीशान बिल्डिंग में संदिग्ध गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते रहे हैं। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। शानिवार को की गयी छापेमारी में गाजीपुर इलाके के एक स्पा सेंटर में में करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाएं और पुरुष संदिग्ध हालात में पाए गए हैं। आरोप है कि स्पा सेंटर के आड़ में सेक्स रैकेट संचालित किए जा रहे थे। जिसके आधार पर पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ शुरू की है। सूत्रों की मानें तो सिर्फ गाजीपुर इलाके में ही नहीं इंदिरानगर, चिनहट, विभूतिखंड, गोमतीनगर समेत राजधानी के अन्य इलाकों में धड़ल्ले से सेक्स रैकेट संचालित किए जा रहे हैं। आरोप है कि थोड़े से पैसे की लालच में युवक और युवतियां अपनी जिंदगी तबाह कर रहे हैं। इतना ही नहीं लड़कियां बड़े महानगरों से लखनऊ के अलग–अलग स्पा सेंटरों में लाई जाती हैं। जानकारों की मानें तो इसमें उच्च शिक्षित वर्ग भी शामिल बताए जा रहे हैं। उधर, पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है। ऐसे में संचालकों को स्पा सेंटर की आड़ में अपना पैर जमाने में तनिक भी देर नहीं लग रही है। साथ ही वेश्यावृत्ति के जरिए संचालक लाखों की कमाई कर रहे हैं। इनके अलावा स्थानीय पुलिसकर्मियों के संलिप्तता भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

## तेरह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

गोसाईंगंज। उच्चाधिकरियों के निदेर्शानुसार उपखण्ड गोसाईगंज व उपखण्ड अमेठी में शानिवर को मर्निग मास रेड की कार्यवाही की गई। जिसमें १३ लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। उपखंड अधिकारी गोसाईंगंज भारत सिंह के मुताबिक सभी पकड़े गए लोग कटिया डाल कर बिजली चोरी कर रहे थे, जिनके विरुद्ध गोसाईंगंज कोतवाली पर ध् ाारा १३५ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उपरोक्त दोनों उपकेंद्रों के गांवों में की गई मॉर्निंग मास रेड में उपखंड अधिकारी भरत सिंह उपखण्ड अधिकारी अमेठी संजीव वर्मा, व अवर अभियंता मनोज जयसवाल व सतीश यादव अपने स्टाफ के साथ रेड में मौजूद रहे।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक